Thursday

Date 26/8/21.
Page

# क्रिया तथा क्रिया की व्याकरणिक कोटि - काल.

काल

वर्तमान काल | भूत काल | भविष्यत काल

• वर्तमान काल :- भाषा में जिन चिह्नों से यह पता चलता है कि क्रिया वर्तमान समय में घटित हो रही है या होती है, वे चिह्न वर्तमान काल के चिह्न कहे जाते हैं तथा वह वाक्य वर्तमान काल होता है।

1. रमेश देर तक सोता है।
2. श्याम रो रहा है।
3. बच्चे खेल रहे हैं।
4. तुम झूठ क्यों बोल रहे हो?
5. हमने आम खा लिया है।

• भूत काल :- भाषा में जिन चिह्नों से यह पता चलता है कि क्रिया बीते हुए समय में या भूत समय में घटित हुई थी, वे चिह्न भूत काल के चिह्न कहलाते हैं तथा वह वाक्य भूत काल का वाक्य होता है।

1. गीता पटना गई थी।
2. पहले मैं लखनऊ में पढ़ती थी।
3. बच्चे खेल चुके थे।
4. बस सड़क पर खड़ी रही थी।
5. नल से पानी बह रहा था।

• भविष्यत काल :- भाषा में जिन चिह्नों से यह पता चलता है कि क्रिया भविष्य में घटित होगी, वे चिह्न भविष्यत काल के चिह्न कहलाते ~~है~~ है तथा वह वाक्य भविष्यत काल का होता है।

1. करण ~~के~~ कल स्कूल नही आएगा।
2. मैं दिल्ली नहीं जाऊँगी।
3. नीला कल सर्कस देखने जाएगी।
4. हम लोग खेलेंगे।
5. माली पोधों को पानी देगा।